PT-2/HALF YEARLY EXAMINATION, 2022-23

HINDI

Time - 11:30 AM to 02:45 PM | Class – IV | M.M. : 80

Date - 09.09.2022 (Friday)

Name of the student ____________________ Section ______

नोट-
- प्रश्न-पत्र चार खण्डों में विभाजित है। कृपया उसके अनुसार प्रश्न-पत्र हल करें।
- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
- स्पष्ट एवं सारगर्भित उत्तर अपेक्षित है।

खण्ड - अ

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए । (1x4=4)

हमारे जीवन में कई जाने अनजाने गुरु होते हैं, जिनमें हमारे माता-पिता का स्थान सर्वोपरि है । गुरु वह है, जो जाँच-परखकर शिष्य को शिक्षा देता है । भारत में गुरु-शिष्य का संबंध सदियों पुराना है । गुरु को ईश्वर से भी बड़ा माना जाता है। हमारे देश भारत में कई ऐसी गुरु-शिष्यों की अनोखी जोड़ियाँ हैं, जैसे रानी लक्ष्मीबाई और तांत्या, चन्द्रगुप्त मौर्य और चाणक्य आदि । कई शिष्यों ने भी अपने गुरु का मान रखकर गुरुदक्षिणा में अपना सर्वस्व दे दिया ।

क) हमारे गुरुओं में सर्वोपरि स्थान किसका है ?

अ) माता-पिता का   ब) ईश्वर का   स) विद्वानों का   द) शिक्षक का

ख) गुरु को किससे बड़ा माना जाता है ?

अ) माता-पिता से   ब) पृथ्वी से   स) संसार से   द) ईश्वर से

ग) चन्द्रगुप्त मौर्य के गुरु का नाम था-

अ) रानी लक्ष्मीबाई   ब) द्रोण   स) तांत्या   द) चाणक्य

घ) कई शिष्यों ने भी अपने गुरु का मान रखकर गुरुदक्षिणा में दे दिया-

अ) धन   ब) उपहार   स) सर्वस्व   द) ज़मीन

प्र.2 दिए गए काव्यांश को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए - (1x4=4)

सूरज की किरणें आती हैं,
सुन्दर कलियाँ खिल जाती हैं,
अंधकार सब खो जाता है,
सब जग सुन्दर हो जाता है,
चिड़ियाँ गाती हैं मिल-जुलकर,

बहते हैं उनके मीठे स्वर ।

ठंडी-ठंडी हवा सुहानी,

चलती है जैसे मस्तानी ।

क) सूरज की किरणें कब आती हैं ?

अ) सुबह ब) शाम स) दोपहर द) रात

ख) अंधकार के खो जाने पर सारा जग कैसा हो जाता है ?

अ) स्वच्छ ब) प्रसन्न स) सुन्दर द) शांत

ग) चिड़ियाँ कैसे गाती हैं ?

अ) अकेले-अकेले ब) प्रसन्न होकर स) मिल-जुलकर द) झगड़कर

घ) ठंडी हवा कैसी है ?

अ) पागल ब) सुहानी स) गर्म द) अच्छी

खण्ड - ब

प्र.3 रिक्त स्थानों की पूर्ति करें - (1x5=5)

क) कुछ जोकर से .... फुलाए, कुछ .... से सूँड़ उठाए ।

ख) खोट सभी है बस .... का, आलस छोड़ो .... कर पाओ ।

ग) पुरुष व स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द .... कहलाते हैं ।

घ) रेखांकित शब्द का विलोम शब्द भरिए ।

कार्यक्रम प्रातः आठ बजे आरंभ हुआ और सायंकाल पाँच बजे .... हुआ ।

ड.) 'नेत्र' का पर्यायवाची शब्द .... होगा ।

प्र.4 किसने, किससे कहा ? (1x3=3)

क) ''जहाँपनाह संसार की आबादी पल-पल घटती-बढ़ती रहती है।''

ख) ''अपनी इस मामूली-सी पोशाक में मैं लोगों से नहीं मिल सकता ।''

ग) ''गेंद देखकर निशानी बताना कौन-सा कठिन काम है !''

प्र.5 सही वाक्य के सामने सही (✓) का और गलत वाक्य के सामने गलत (×) का निशान लगाइए । (1x4=4)

क) बादल अपने थैलों से झर-झर पानी बरसाते हैं ।

ख) शुरु-शुरु में पापा एक अच्छा इंसान बनाने चाहते थे । बनना

ग) 'उदय' का विलोम शब्द अस्त है ।

घ) 'पानी' का पर्यायवाची शब्द जल नहीं है।

प्र.6 एक शब्द में उत्तर दीजिए - (2x5=10)

क) हिन्दी भाषा की लिपि क्या है ?

ख) वर्णों का क्रमबद्ध समूह क्या कहलाता है ?

ग) वर्णों के सार्थक मेल से क्या बनते हैं ?

घ) वाक्य में जिसके बारे में बात कही जाए, वह क्या कहलाता है ?

ड.) किसी विशेष प्राणी, वस्तु अथवा स्थान के नाम का बोध कराने वाले शब्द कौन-सी संज्ञा कहलाते हैं?

खण्ड - स

प्र.7 दिए गए शब्दों में सही स्थान पर अनुस्वार (ं) या अनुनासिक (ँ) लगाइए । (3)

झडा	हस	दात
चाद	बदर	आख

प्र.8 वर्णों को सही क्रम में लिखकर सार्थक शब्द बनाइए - (3)

क) जावारद -

ख) बकिता -

ग) धेपौ -

प्र.9 शब्दों को सही क्रम में लिखकर सार्थक वाक्य बनाइए - (3)

क) होगी । आज बारिश

ख) बोलो सच । सदा

ग) लिखता है । पत्र वह

प्र.10 संज्ञा के कितने भेद होते हैं ? उनके नाम लिखिए । (3)

प्र.11 तीन ऐसे शब्द लिखिए जो पुरुष व स्त्री दोनों जाति के लिए समान रुप से प्रयोग किए जाते हैं ? (3)

प्र.12 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (4x5=20)

क) बीरबल को मूर्ख साबित करने के लिए ख्वाजा सरा ने क्या उपाय किया ?

ख) दीपक के गेंद को अपनी बताने के लिए उसके बारे में कौन-कौन सी बातें बताई ?

ग) पापा ने जितने काम सोचे उनमें से तुम्हें सबसे दिलचस्प काम कौन-सा लगा ? क्यों ?

घ) नीचे दिए गए शब्दों के जोड़ों के अर्थ अलग-अलग हैं। इनके अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करें -

क) घूम - झूम ख) सजा - सज़ा

ङ) 'सचमुच' शब्द का इस्तेमाल करते हुए दो वाक्य बनाइए ।

<u>खण्ड - द</u>

रचनात्मक लेखन

प्र.13 भाई के विवाह में शामिल होने के लिए प्राचार्य महोदय को तीन दिन की छुट्टी लेने के लिए **आवेदन पत्र** लिखिए । (5)

अथवा

संभाषण प्रतियोगिता में प्रथन स्थान प्राप्त करने पर मित्र को एक **बधाई पत्र** लिखिए ।

प्र.14 दिए गए विषयों में से किसी एक पर अनुच्छेद लिखिए । (5)

क) राष्ट्रीय त्योहार

ख) खेल और हमारा स्वास्थ्य

प्र.15 दिए गए चित्र को देखकर इसका वर्णन अपने शब्दों में करें । (5)